**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 19.05.2025**

- ❖ **अपराध नियंत्रण की दिशा कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कडी कार्यवाही।**
- ❖ **थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दहेज हत्या से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- ❖ **थाना रसूलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0423/2024 धारा 75(2)/80(2)/85/115(2) बीएनएस व धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वाछित थे अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 04.10.2024 को वादी श्री दिनेश राजपूत पुत्र श्री रामेश्वर निवासी दरियापुर बिठूर थाना चौबेपुर जनपद कानपुर नगर द्वारा थाना रसूलाबाद पर तहरीर दी गयी कि शादी के बाद से ही वादी की बहन को उसके ससुरालीजन दहेज को लेकर प्रताडित करते रहते थे तथा दिनांक 03.10.2024 वादी को सूचना मिली कि उसकी बहन की तबियत खराब है और वह आरोग्य हॉस्पिटल कल्यानपुर कानपुर नगर में भर्ती है, जब वादी हॉस्पिटल पहुंचा तो देखा कि वादी की बहन आईसीयू में थी, जिसकी मृत्यु हो चुकी हो चुकी थी, के सम्बन्ध में दिनांक 04.10.2024 को थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 0423/2024 धारा 75(2)/80(2)/85/115(2) बीएनएस व धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्तगण 1. अजय कुमार पुत्र प्रेमबाबू उम्र लगभग 32 वर्ष 2. प्रेमबाबू पुत्र रामकेश उम्र लगभग 60 वर्ष निवासीगण उसरी मजरा मित्रसेनपुर कहिंजरी थाना रसूलाबाद कानपुर देहात को आज दिनांक 19.05.2025 को समय 09.25 बजे अभियुक्तगण के घर ग्राम उसरी मजरा मित्रसेनपुर कहिंजरी थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण** –

1. अजय कुमार पुत्र श्री प्रेमबाबू, उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी उसरी मजरा मित्रसेनपुर कहिंजरी थाना रसूलाबाद कानपुर देहात
2. प्रेमबाबू पुत्र रामकेश, उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी उसरी मजरा मित्रसेनपुर कहिंजरी थाना रसूलाबाद कानपुर देहात

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा चौकी प्रभारी कहिंजरी
2. का0 318 अंकित कुमार
3. का0 271 विनोद कुमार